दिन—रविवार दिनांक— 21 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा दस प्रतिशत से बढ़ाकर पचास प्रतिशत किया।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – विकसित भारत जी राम जी विधेयक से गांवों का विकास सुनिश्चित होगा।

03. प्रदेश में अब निजी साझेदारी से होगा एक्सप्रेसवे का निर्माण। सात निश्चय—तीन के तहत पांच एक्सप्रेसवे बनाये जायेंगे।

04. और, पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले तीन दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा दस प्रतिशत से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिया है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी कर दी है। आरक्षण में यह बढ़ोतरी सीमा सुरक्ष बल, सामान्य ड्यूटी कैडर अराजपत्रिक भर्ती नियम दो हजार पन्द्रह में संशोधन के बाद की गयी है। पूर्व अग्निवीरों को शारीरीक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण में छूट दी जायेगी।

———————————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि इससे गांवों का विकास होगा।

———बाईट———

जी राम जी, इस बिल काफी चर्चा हुई, उसके मूल में क्या है। किसान भाईयों दो चीजदृ एक गरीब को काम मिलना चाहिए इसमें कोई दो मत नहीं, मिलना ही चाहिए और इस बिल में हमने प्रावधान किया है सौ नहीं, एक सौ पचीस दिन रोजगार की गारंटी। पैसा भ्रष्टाचार की बलि चढ़ जाए, मनरेगा हो गई। इसमें प्रावधान किया है कि मजदूरी भी देंगे सौ दिन नहीं सवा सौ दिन देंगे लेकिन उससे गांव की तस्वीर भी बदल कर मानेंगे, विकास के काम गांव में होंगे।

———————————————————————

आर्थिक मामलों के जानकार सुधांशु कुमार ने कहा कि विकसित भारत जी—राम—जी विधेयक वर्ष दो हजार सैंतालीस2047 तक विकसित भारत की संकल्पना

को पूरी करने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक मनरेगा की कमियों को दूर करेगा।

---बाइट---

---

सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि एमएसएमई क्षेत्र में बिहार की प्रगति काफी संतोषजनक है। श्री मांझी ने कहा कि केवल नौ राज्य ही ऐसे हैं, जो बिहार से आगे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीर्य वर्ष में नवम्बर महीने तक चार लाख उनासी हजार से अधिक एमएसएमई इकाईयां लगायी गयी है।

---

केन्द्र सरकार पटना में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए दो सौ तैंतालीस करोड़ रूपये देगी। पन्द्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर चालू वित्तीर्य वर्ष के लिए यह राशि दी जायेगी। इस राशि से पटना में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत बनाया जायेगा।

---

प्रदेश में अब निजी साझेदारी से एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा। सात निश्चय-तीन के तहत घोषित पांच एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर पथ निर्माण विभाग की हुई उच्च स्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश की तर्ज पर एक्सप्रेसवे के निर्माण पर विचार विमर्श किया गया। इसके तहत राज्य सरकार की गारंटी पर वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेकर निर्माण कार्य किया जायेगा।

---

आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने कहा है कि राज्य में नदियों से गाद हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पश्चिम चंपारण के बैरिया में नदी तटबंध का निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि बारिश से पहले नदियों से गाद हटाने का कार्य पूरा कर नदियों की जलग्रहण क्षमता को बढ़ाया जाएगा। इससे बाढ़ प्रबंधन में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने इस कार्य में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

---बाइट---

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य तय समय सीमा के अन्दर पूरा करने का अधिकारियों को आदेश दिया है। पटना में विभागीय अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन भवनों के निरीक्षण के बाद श्री प्रकाश ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन अब डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन सिस्टम, डीवीएस एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर से होगा। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि बोर्ड से उत्तीर्ण विद्यार्थी डीवीएस सॉफ्टवेयर पर पंजीयन करा कर मैट्रिक, इंटर, शिक्षक पत्रता परीक्षा, डीएलएड और सक्षमता परीक्षा जैसे संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था एक जनवरी से लागू हो जायेगी। श्री किशोर ने बताया कि बिहार बोर्ड ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य परीक्षा बोर्ड बन गया है। अब विभिन्न सरकारी, गैर–सरकारी या निजी संस्थान बिहार बोर्ड से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र का सत्यापन इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाईन करा सकेंगे।

———————————————————————————

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक चेतावनी जारी कर बताया है कि घोस्टपेयरिंग नाम के एक साइबर कैंपेन का इस्तेमाल व्हाट्सऐप अकाउंट को हैक करने के लिए किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, साइबर अपराधी बिना किसी सत्यापन के पेयरिंग कोड का इस्तेमाल करके व्हाट्सऐप के डिवाइस–लिंकिंग फीचर के जरिए अकाउंट को हैक कर रहे हैं। यह धोखाधड़ी आमतौर पर तब शुरू होती है जब आपको किसी जानकार नंबर से फोटो भेजा जाता है और इसे देखने की अपील का मैसेज आता है। इस मैसेज में एक लिंक होता है, जो फेसबुक जैसे प्रीव्यू के साथ आता है और आगे फोन नंबर से जुड़ी एक वेरिफिकेशन प्रक्रिया की ओर ले जाता है। मंत्रालय ने बताया कि इस तरीके से साइबर अपराधी को बिना पासवर्ड या सिम स्वैप किए पीड़ित के व्हाट्सऐप अकाउंट का पूरा एक्सेस मिल जाता है। मंत्रालय ने लोगों से संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने के साथ–साथ बाहरी साइटों पर कभी भी अपना फोन नंबर दर्ज नहीं करने की सलाह दी है।

———————————————————————————

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। पिछले तीन दिनों से धूप नहीं निकलने और अधिकतम तापमान में गिरावट आने से ठंड और कनकनी का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में चार से दस डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। इधर, आज सुबह पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सिवान, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और सारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और

उत्तर–मध्य भागों के अधिकतर हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक आनंद शंकर ने कहा कि तीन दिनों के बाद मौसम में सुधार होगा।

–––बाइट–––

इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। कोहरे के कारण पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई विमानों के परिचालन में देरी हो रही है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है। इस बीच, ठंड और कोहरे की स्थिति को देखते हुये भोजपुर, कैमूर, शिवहर, दरभंगा, सारण और पूर्वी चम्पारण जिलों में कक्षा एक से आठ तक की कक्षाओं में अलग–अलग तिथियों तक पठन–पाठन स्थगित कर दिया गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

एसीसी पुरुष अंडर–नाईनटीन एशिया क्रिकेट कप के फाइनल मैच में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। दुबई में यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह साढे दस बजे से खेला जाएगा। आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारत नौवीं बार खिताब जीतने का लक्ष्य रखेगा। इससे पहले, भारत ने ग्रुप स्टेज के मैच में पाकिस्तान को हराया था। सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि पाकिस्तान ने मौजूदा चौंपियन बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नालंदा के राजगीर स्थित कन्वेंशन सेंटर में आज से पांच दिवसीय साहित्य उत्सव की शुरूआत हो रही है। पच्चीस दिसम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव में भाषा, साहित्य और विरासत का अनुठा संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव के दौरान पैनल चर्चा, पुस्तक विमोचन, योग सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मधुबनी जिले के राजनगर में चोरों ने एसबीआई के एटीएम को काट कर सोलह लाख रूपये चुरा लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना के मेहंदीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को तीन किलो से अधिक गांजा और एक लाख अट्ठावन हजार रूपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, खुसरूपुर से एक ट्रक से एक हजार नौ सौ दो लीटर शराब बरामद की गयी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गोपालगंज के सिद्धपीठ थावे दुर्गा मंदिर में चोरी की घटना के मामले में पैंतीस लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अवधेष दीक्षित ने बताया कि पुलिस की बारह टीमें अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बिहार सहित उत्तर प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के दादर गांव के पास सड़क हादसे में भभुआ मुख्यालय के पुलिस उपाधीक्षक समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गये। सभी पुलिस कर्मी एक चारपहिया वाहन से पटना से भभुआ लौट रहे थे, तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी।

————————————————————————

सासाराम जिले डिहरी ऑनसॉन की एक अदालत ने जालशाजी के मामले में दो दोषियों को तीन–तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

————————————————————————

पटना के दानापुर स्थित जगजीवन राम स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे की टीम विजेता बनी है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– ज्यादातर जिलों में शीट दिवस जैसे हालात, तेईस से राहत मिलने की आस।

दैनिक जागरण लिखता है– विशिष्ट शिक्षक के लिए अंतिम मौका, चतुर्थ सक्षमता का रिजल्ट जारी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– बिहार बोर्ड का नया डीवीएस सॉफ्टवेयर लॉन्च, प्रमाण पत्र सत्यापन ऑनलाइन होगा। एक जनवरी से नई व्यवस्था।

प्रभात खबर लिखता है–इकसती दिसम्बर तक मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए करे आवेदन। किस्तों में मिलेंगे दो लाख रूपये, एक करोड़ छप्पन लाख को मिल चुके हैं, दस–दस हजार रूपये।

राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पश्चिम बंगाल में टीएमसी के महाजंगल राज को करेंगे खत्म।

आज अखबार ने लिखा है– बिहार के ईशान किशन टी–ट्वेंटी विश्व कप की इंडिया टीम में।

—————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा दस प्रतिशत से बढ़ाकर पचास प्रतिशत किया।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – विकसित भारत जी राम जी विधेयक से गांवों का विकास सुनिश्चित होगा।

03. प्रदेश में अब निजी साझेदारी से होगा एक्सप्रेसवे का निर्माण। सात निश्चय–तीन के तहत पांच एक्सप्रेसवे बनाये जायेंगे।

04. और, पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले तीन दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं।

—————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।